



## MS. KANGNA RANAUT

Ms. Kangna Ranaut is an Indian film actress and filmmaker, who is widely recognised as an actress par excellence with a natural acting ability. Ms. Ranaut is known for her strong opinions on gender disparity, inequality in film remuneration between male and female actors in the film industry, she refused million dollars brand deals for endorsing fairness products and male dominated scripts. She emerged as a strong voice for women empowerment in India. Her talent has captured the imagination of the masses. She is also credited as one of the most stylish and fashionable celebrities in India.

2. Born on 23rd March, 1986, in Bhambla, Himachal Pradesh, Ms. Ranaut completed her secondary education from DAV school Chandigarh and her higher education in Himachal Pradesh. After completing her secondary education, she worked for Elite modelling agency. Post which she joined theatre acting in Delhi and was a member of the Smita Theater Group under Arvind Gaur. In 2014, Ms. Ranaut completed Screen writing course from New York Film Academy USA.

3. Ms. Ranaut made her feature film debut in the 2006 by a thriller movie 'Gangster', for which she received several awards. She received praise for portraying emotionally intense characters in the dramas 'Woh Lamhe' (2006), 'Life in a Metro' (2007) and 'Fashion' (2008), for which she won the National Film Award for Best Supporting Actress. And after that Ms. Ranaut went on to become a part of many successful film like Once upon a time in Mumbai (2010), 'Tanu weds Manu' (2011), and 'Krissh' (2013). Cementing her place in Bollywood's pantheon as a leading actress of contemporary Hindi cinema, 2014 saw the release of the comedy-drama "Queen", for which she co-wrote the dialogues and won her a National Film Award for Best Actress. 2015 continuing to be a good year for the Actress, with audiences enjoying her much-awaited releases, 'Tanu Weds Manu Returns' went on to become one of the highest female grosser of all times and she won her 3rd National Film Award for the Best Actress for her dual role in the comedy.

4. In 2019, Ms. Ranaut made her Directorial debut by directing the critically and commercially successful film 'Manikarnika: The Queen of Jhansi' (2019), in which she portrayed the titular warrior. It was followed up by a quirky acting role in critically acclaimed 'Judgemental Hai Kya' (2019). Her latest acting role was in the movies 'Panga' (2020), and the biopic "Thalaivi" based on the life of Former Chief Minister of Tamil Nadu J. Jayalalithaa, her upcoming film named "Tejas" based on the Indian Air Force.

5. Ms. Ranaut is a follower of Swami Vivekananda and spiritual guru Sadhguru of Isha Foundation. She is also known for her strong philanthropy work for Rama Krishna Mutt, Kaveri Calling and supports many other charitable causes. Ms. Ranaut is very well known for voicing out her strong and honest opinion on many social issues and causes also considered as the most articulate speaker and inspirational celebrity of her generation.

6. Ms. Ranaut has been a recipient of numerous awards and recognitions. Influential magazine Femina has declared Ms Ranaut the most powerful woman celebrity in India in their Power issue for the month of August, 2015 and in the same year Ms. Ranaut has also internationally represented India as the Face of India, at the Women in the World Summit held in London.





## कुमारी कंगना रनौत

कुमारी कंगना रनौत भारतीय फिल्म अभिनेत्री तथा फिल्म निर्माता हैं, जो अपनी सहज अभिनय प्रतिभा के कारण एक उत्कृष्ट अभिनेत्री के रूप में मशहूर हैं। वह जेंडर असमानता, फिल्म जगत में पुरुष और महिला कलाकारों के पारिश्रमिक में अंतर के बारे में अपने जोरदार विचारों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने लाखों डॉलर के गोरेपन उत्पादों के विज्ञापन तथा पुरुष प्रधान पटकथाओं में काम करने से मना कर दिया। वह भारत में महिला सशक्तीकरण की मजबूत आवाज के रूप में उभरी हैं। उनकी प्रतिभा ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्हें भारत में सबसे अधिक स्टाइलिश और फैशनेबल हस्तियों में से एक माना जाता है।

2. उनका जन्म मार्च 23, 1986 को, भांबला, हिमाचल प्रदेश में हुआ था। कुमारी कंगना रनौत ने अपनी माध्यमिक शिक्षा डीएवी स्कूल चड़ीगढ़ और उच्च शिक्षा हिमाचल प्रदेश और से पूरी की। माध्यमिक शिक्षा हासिल करने के पश्चात, उन्होंने एलिट मॉडलिंग एजेंसी के लिए कार्य किया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में थियेटर अभिनय में दाखिला लिया और वह अरविंद गौड़ के स्मिता थियेटर ग्रुप की सदस्या रही। 2014 में, कुमारी कंगना रनौत ने न्यूयार्क फिल्म अकादमी यूएसए से स्क्रीन लेखन कोर्स पूरा किया।

3. कुमारी कंगना रनौत ने 2006 में थ्रिलर फिल्म 'गैंगस्टर' के साथ फिल्मों में पदार्पण किया, जिसके लिए उन्हें कई पुरस्कार प्राप्त हुए। 'वो लम्हे' (2006), 'लाइफ इन ए मैट्रो' (2007) में भावनात्मक किरदार निभाने के लिए उनकी सराहना की गई, तथा 'फैशन' (2008) के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किया। इसके बाद, कुमारी रनौत ने 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' (2010), 'तनु वैड्स मनु' (2011) तथा 'क्रिश' (2013) जैसी अनेक सफल फिल्मों में काम किया। समकालीन हिन्दी सिनेमा की प्रमुख अभिनेत्री के रूप में बॉलीवुड के शीर्षस्थ कलाकारों के बीच जब उनकी उपस्थिति मजबूत होने के बाद 2014 में उनकी कामेडी–ड्रामा 'क्वीन' रिलीज हुई। वह इस फिल्म की सह संवाद लेखिका थीं और इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। वर्ष 2015, अभिनेत्री के लिए अच्छा वर्ष रहा, जिसमें दर्शकों को उनकी चिर प्रतीक्षित फिल्म 'तनु वेडस मनु रिटर्न' देखने का मौका मिला। यह फिल्म सबसे अधिक पैसा कमाने वाली महिला प्रधान फिल्मों में से एक थी। इस कॉमेडी फिल्म में दोहरी भूमिका के लिए उन्होंने अपना तीसरा राष्ट्रीय पुरस्कार अर्जित किया।

4. 2019 में, उन्होंने पहली बार व्यावसायिक रूप से सफल और सराहनीय फिल्म 'मणिकर्णिकाः 'द क्वीन ऑफ झॉसी' (2019) का निर्देशन किया, जिसमें उन्होंने वीरांगना की भूमिका अदा की। इसके पश्चात उन्होंने 'जजमैंटल है क्या' (2019) में विशिष्ट भूमिका निभाई जिसकी काफी प्रशंसा प्राप्त हुई। उनकी हाल ही में आई फिल्में 'पंगा' (2020) और 'थलाएवी' है। 'थलाएवी' तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जे. जयाललिता के जीवन पर आधारित है। इसके अलावा, उनकी एक अन्य फिल्म 'तेजस' आ रही है जो भारतीय वायु सेना पर आधारित है।

5. कुमारी रनौत स्वामी विवेकानंद तथा इशा फाउंडेशन के धर्म गुरु की अनुयायी हैं। उन्हें, रामकृष्ण मठ, कावेरी कालिंग के लिए मानवीय कार्यों के लिए जाना जाता है और वह बहुत से अन्य धर्मार्थ कार्यों में भी सहयोग देती है। सुश्री रनौत कई सामाजिक मुद्दों और विषयों पर अपने बेबाक और स्पष्ट विचारों के लिए भी जानी जाती हैं। वह समकालीन पीढ़ी की सबसे मुखर वक्ता तथा प्रेरक हस्ती भी मानी जाती हैं।

6. कुमारी रनौत को अनेक पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त हैं। लोकप्रिय पत्रिका फैमिना ने अगस्त, 2015 के अपने 'पॉवर इशू' अंक में उन्हें भारत की सबसे शक्तिशाली महिला सेलीब्रिटी घोषित किया है तथा उसी वर्ष सुश्री रनौत ने लंदन में आयोजित वूमन इन द वर्ल्ड सम्मिट में फेस ऑफ इंडिया के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया।